कृषि समन्वयकों के 1652 पदों पर होगी बहाली

संवाददाता, पटना

राज्य के सभी 38 जिलों में कृषि समन्वयकों के 1652 पदों पर बहाली होगी. रोस्टर क्लियरेंस के बाद सामान्य प्रशासन विभाग को अधियाचना के लिए भेजी जायेगी. विभिन्न जिलों से आयी रिक्तियों में कई त्रुटियां पायी गयी हैं. जिला कृषि पदाधिकारियों को फिर से त्रुटियों को चिह्नित कर फाइल लौटायी जा रही है. 15 दिसंबर तक इसमें सुधार का निर्देश दिया गया है. निर्धारित तिथि में त्रुटियों को सुधारने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग को अधियाचना भेजी जायेगी.

मेडिकल कॉलेजों में बहाल होंगे 1837 सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर

पटना. राज्य के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में सीनियर रेजीडेंट चिकित्सकों की नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. इसे लेकर बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगित परीक्षा पर्षद (बीसीइसीइबी) ने सीनियर रेजीडेंट व ट्यूटरों का पैनल बनाया है. इस पैनल के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में कुल 1837 पदों पर डॉक्टरों की तैनाती होगी. स्वास्थ्य विभाग द्वारा पैनल में शामिल चिकित्सकों से पसंदीदा पोस्टिंग को लेकर 27 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है. इनकी नियुक्ति तीन वर्षीय के लिए होगी.

स्टेनो एसआइ के 305 पदों पर भर्ती के लिए 17 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन

पटना. बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने गृह विभाग (आरक्षी शाखा) में स्टेनो एसआइ (आशु सहायक अवर निरीक्षक) के 305 रिक्त पदों पर बहाली को लेकर विज्ञापन जारी कर दिया है. आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि इसके लिए इंटर परीक्षा पास 17 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. अभ्यर्थी को कंप्यूटर चलाने में डिप्लोमा होना जरूरी है. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा और पात्रता की जांच से गुजरना होगा. लिखित परीक्षा में 100-100 अंक के दो प्रश्न पत्र होंगे. हर गलत उत्तर के लिए 0.2 अंक कटेगा. उत्तर पुस्तिका दो प्रतियों में होगी, जिसमें एक आयोग के पास रहेगी. लिखित परीक्षा पास अभ्यर्थियों के श्रुतिलेखन, हिंदी और अंग्रेजी की टंकण परीक्षा होगी.